**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2520**

**सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)**

**ग्रामीण रोजगार का स्वरूप**

**2520. श्री के. गोपीनाथ:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

देश में विशेषकर तमिलनाडु में प्राथमिक**,** द्वितीयक और तृतीयक रोजगार क्षेत्रों के संदर्भ में ग्रामीण रोजगार के स्वरूप का लिंग-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है**?**

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

रोजगार और बेरोजगारी पर आधिकारिक डेटा वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से एकत्र किया जाता है, जो वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित किया जाता है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 के दौरान देश  और तमिलनाडु के ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का रोजगार दर्शाने वाला अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) निम्नानुसार है:

| वर्ष | कामगार जनसंख्या अनुपात (% में) | |
|---|---|---|
| | अखिल भारत | तमिलनाडु |
| 2019-20 | 53.3 | 59.8 |
| 2020-21 | 55.5 | 62.1 |
| 2021-22 | 55.6 | 60.8 |
| 2022-23 | 59.4 | 59.6 |
| 2023-24 | 62.1 | 63.1 |

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

यह आंकड़ें दर्शाते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि की प्रवृत्ति है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार को दर्शाने वाला अनुमानित डब्ल्यूपीआर वर्ष 2019-20 में 53.3% से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 62.1% हो गया है। इसी अवधि के दौरान तमिलनाडु में भी डब्ल्यूपीआर 59.8% से बढ़कर 63.1% हो गया है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार, ग्रामीण कामगारों की व्यापक तौर पर अलग-अलग उद्योगों में प्रतिशतता निम्नानुसार है:

(% में)

| **क्र. सं.** | **एनआईसी-2008 के अनुसार व्यापक उद्योग विभाजन** | **अखिल भारत** | **तमिलनाडु** |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि | 59.8 | 41.2 |
| 2 | खनन एवं उत्खनन | 0.2 | 0.2 |
| 3 | विनिर्माण | 8.3 | 12.2 |
| 4 | विद्युत, जल, आदि | 0.4 | 0.6 |
| 5 | निर्माण | 12.5 | 21.5 |
| 6 | व्यापार, होटल एवं रेस्तरां | 8.3 | 10.0 |
| 7 | परिवहन, भंडारण एवं संचार | 3.7 | 6.4 |
| 8 | अन्य सेवाएं | 6.9 | 8.0 |
| | समस्त | 100 | 100 |

स्रोत- पीएलएफएस- एमओएसपीओई

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्टों में राज्य-वार और लिंग-वार सूचना उपलब्ध है, जिसे https://www.mospi.gov.in/download-reports?main_cat=ODU5&cat=All&sub_category=All पर देखा जा सकता है

*****